क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.01.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली में ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का निरीक्षण किया, कहा – वर्ष 2026 के अंत तक परियोजना का पहला चरण पूरा हो जाएगा।
- मुख्यमंत्री कल देहरादून में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- गृह मंत्री अमित शाह ने देश में मादक पदार्थ की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से ठोस प्रयास करने का आह्वान किया।
- राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में अगले 36 घंटे के लिए बर्फबारी और बारिश की संभावना।

**मुख्यमंत्री चमोली**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले के कर्णप्रयाग, सेवाई में संचालित ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के अंत तक इस परियोजना का पहला चरण पूरा हो जाएगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने रेल विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों से रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे कार्यों, अवस्थापना सुविधाओं और परियोजना की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

**प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन**

राजधानी देहरादून में कल अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सम्मेलन के लिए पंजीकृत प्रवासी उत्तराखंडियों का देहरादून पहुंचने का सिलसिला जारी है। देहरादून हवाई अड्डे और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रवासियों का छोलिया नृतकों और पारंपरिक वेश भूषा में तैयार स्वागत टोली ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इस सम्मेलन में 17 देशों में रहने वाले उत्तराखंडी शामिल हो रहे हैं। एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इस दौरान उत्तराखंड में निवेश की संभावना, हॉस्पेटिलिटी–वेलनेस, कौशल विकास, विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा के साथ ही उद्यान जड़ी–बूटी में संभावना विषय पर चार अलग–अलग सत्रों में चर्चा की जाएगी।

## अवैध शराब जब्त

प्रदेश में निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की सक्रियता के तहत 54 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब और 9 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नारकोटिक्स जब्त की गई है। यह जानकारी देते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों, राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों के व्यय पर निगरानी रखने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इन पर्यवेक्षकों के माध्यम से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के खर्च का पूरा डेटा एकत्रित कर आयोग को भेजा जा रहा है। इसके साथ ही उम्मीदवारों के खर्च की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खनन मशीनें सीज

बागेश्वर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान खनन कार्य में लगीं 124 मशीनों को सीज किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद खड़िया खनन कार्य पूरी तरह से बंद है और जो खड़िया खुदी है, उसकी निकासी फिलहाल बंद है। उन्होंने बताया कि ट्रकों की जांच के लिए पुलिस ने बैरियर लगाए हैं, ताकि डंप किया गया खड़िया बाहर न जा सके। उन्होंने कहा कि खान संचालकों को नियम का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री वर्चुअली शामिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष 2024 में 16 हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। श्री शाह आज नई दिल्ली में मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। वहीं, इस सम्मेलन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी वर्चुअली शामिल हुए। इस दौरान श्री धामी ने उत्तराखंड में मादक पदार्थों की रोकथाम के संबंध में की गई प्रवर्तन कार्रवाई, विशेष अभियानों और लक्ष्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के संकल्प पर सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में संस्थागत, प्रवर्तन और जागरूकता– तीनों स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

## मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज और कल हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि आज राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं गरज के साथ ओलावृष्टि होने का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहने का अनुमान है। इस बीच, देहरादून जिला प्रशासन ने शीतलहर के मद्देनजर जिले में 12वीं तक के सभी स्कूल और आगनबाड़ी केंद्र सुबह साढे आठ बजे के बाद ही संचालित करने का आदेश जारी किया है। ये आदेश 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

## शोध प्रस्तुतीकरण

उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी ने आज देहरादून में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष 'वन यूनिवर्सिटी– वन रिसर्च' पर चल रहे शोध की प्रगति के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। विश्वविद्यालय द्वारा "क्षार सूत्र प्रबंध से भगंदर का इलाज" विषय पर शोध प्रबंध किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद में इस रोग का इलाज सफलतापूर्वक किया जा सकता है और इसमें रोग के दोबारा होने की संभावना बेहद कम है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में इस शोध के अंतिम निष्कर्षों को उत्तराखण्ड सरकार और केंद्रीय आयुष मंत्रालय के साथ साझा किया जाएगा, ताकि इसे व्यापक रूप से अपनाया जा सके। राज्यपाल ने कहा कि यह पहल न केवल आयुर्वेद को नई पहचान दिलाएगी, बल्कि रोगियों को प्रभावी, सुरक्षित और स्थायी उपचार प्रदान करने में भी सहायक होगी।

## खनन कार्य शुरू

चम्पावत जिले के टनकपुर शारदा नदी की डाउनस्ट्रीम में वन निगम ने  खनन कार्य शुरू कर दिया है। वन निगम के खनन प्रभारी मदन सिंह राणा ने बताया कि 380 हेक्टेयर क्षेत्र में पहले चरण में 80 हजार घन मीटर रेत–बजरी, सल्ट की निकासी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि खनन क्षेत्र में अवैध खनन रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त  की गयी हैं।

## वन विभाग प्रशिक्षण

चमोली जिले के पुलिस मैदान गोपेश्वर में आज वन विभाग की ओर से वन पंचायत सरपंच, महिला मंगल दल व अग्नि रक्षक दल को वनाग्नि नियंत्रण का प्रशिक्षण और फोरेस्ट फायर एप के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही वन और पर्यावरण की सुरक्षा में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया

गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि जंगलों में आग लगाने वालों की फोटो या वीडियो बनाकर वन विभाग को सूचना दें। इस बार बदरीनाथ के प्रभागीय वनाधिकारी ने अपनी कंटीजेंसी फंड से सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम रखा है।